गृह मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री पी. वेंकटसुब्बय्या) : (क) और (ख) दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा द्वारा जल्दी जल्दी छापे मारे जाते हैं, परन्तु अन्तर्राज्यीय बस अड्डे पर ऐसी अश्लील पुस्तकों के बेंचे जाने का पता नहीं लगा है। तथापि मई, 1981 में अन्तर्राज्यीय बस अड्डे पर एक पुस्तक विक्रेता से मस्तराम नामक एक व्यक्ति द्वारा लिखित अश्लील उपन्यास की 43 प्रतियां बरामद की गयी थी। अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया और मामले में शीघ्र चालान किया जायेगा।

एस्कार्टस प्रा. (लि.) फरीदाबाद की ओर ई. एस. आई. और ई. पी. एफ. की बकाया राशि

6190. **श्री निहाल सिंह :** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फरीदाबाद (हरियाणा) स्थित मैसर्स एस्कोर्ट्स प्रा० (लि०) I और II में नैमितित्तक रूप से और मासिक भुगतान के आधार पर कितने श्रमिक कार्य कर रहे हैं;

(ख) कम्पनी द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान राज्य बीमा निगम और कर्मचारी भविष्य निधि की कितनी राशि जमा कराई गई है और इस संबंध में कितनी राशि उसकी ओर बकाया है;

(ग) क्या यह सच है कि यद्यपि कथित कम्पनी अपने प्रयोग के नाम पर उपस्करों का निर्माण कर रही है, फिर भी वे सरकार की अनुमति के बिना बाजार में बेच रही है और इस तरह कम्पनी बिक्री कर का अपवंचन कर कम्पनी अधिनियम का उल्लंघन कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इस फर्म के कार्यकरण के संबंध में जांच करेगी ?

श्रम मंत्रालय में उपमंत्री (श्री धर्मवीर): (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार इस प्रतिष्ठान द्वारा नियोजित किए गए कर्मकारों की संख्या निम्न प्रकार थी :—

	श्रमिकों की संख्या	
	मासिक मजदूरी	दैनिक मजदूरी
संयत्र–I	3564	193
संयत्र–II	2807	183

(ख) कर्मचारी राज्य बीमा और कर्मचारी भविष्य निधि प्राधिकारियों द्वारा सूचित की गई स्थिति निम्न प्रकार है:—

कर्मचारी राज्य बीमा की बकाया राशियां

नियोजक ने संयंत्र –I के संबंध में 37, 43, 687.15 रुपये की अंशदान की राशि तथा संयंत्र–II के संबंध में 35,01,973.65 रु० की अंशदान की राशि जमा कर दी है। कोई राशि शेष नहीं है।

कर्मचारी भविष्य निधि की बकाया राशियां

नियोजक ने संयंत्र सं० के संबंध में 109,50,368.75 रु० की अंशदान की राशि तथा संयत्र सं० के संयंत्र में 95,10,625.75.00 रु० के अंशदान की राशि जमा कर दी है। कोई राशि शेष नहीं है।

(ग) और (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा की मेज पर रख दी जाएगी।